परियोजना का नाम:— मसूरी सीवरेज योजना (आरकेडिया ज़ोन)

## प्रतिवेदन

## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

जनपद देहरादून के नगर पालिका परिषद, मसूरी हिमालय पर्वत श्रंखला के निचले भाग में एक रमणीय पर्वतीय पर्यटन स्थल है। जहाँ वर्ष भर देश—विदेश से पर्यटक/सैलानी आते हैं।

मसूरी नगर में वर्ष 1964 में तत्समय की आवश्यकता के अनुरूप सीवर लाईन बिछायी गयी थी, जो वर्तमान में नगर के तीव्र गति से विस्तार के कारण नगर के सीमित भाग को ही जोड़ती है। पूर्व निर्मित सीवर लाईन एवं सैप्टिक टैंक अपना अभिकल्पन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं तथा वर्तमान में उत्पादित सीवर लोड हेतु पर्याप्त एवं कार्यकारी नहीं हैं। जिसके कारण प्रदूषित उत्प्रवाह समीपवर्ती नदी, नाले इत्यादि में हो रहा है।

अतः मसूरी नगर के प्राकृतिक सौन्दर्य एवं स्वस्थजनिक वातावरण को बनाये रखने हेतु 'मसूरी सीवरेज योजना' अनु0 लागत रू0 6173.25 लाख वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत की गयी है।

स्वीकृत मसूरी सीवरेज योजना के अन्तर्गत मसूरी नगर को 11 ज़ोनों में विभक्त कर सीवर लाईन एवं 09 एस0टी0पी0 के निर्माण का प्राविधान किया गया है।

योजना के अन्तर्गत आरकेडिया ज़ोन में प्रस्तावित पूर्व निर्मित सैप्टिक टैंक के स्थान पर एस0टी0पी के निर्माण हेतु वांछित भूमि के हस्तान्तरण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है।

(प्रयोक्ता एजेन्सी)
Executive Engineer
Construction Division
Uttarakhand Peyjal Nigam
Mussoorie (Dehradun)

प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वन प्रभाग
मसूरी